# चित्रकूट में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई मंदाकिनी में डुबकी, प्रशासन ने की थी चाक-चौबंद व्यवस्था

**सतना।** भादो मास की शनिश्चरी अमावस्या पर चित्रकूट में लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। देश के कोने-कोने से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट पहुंचे लाखों भक्तों ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर अपने पितरों का तर्पण और पिंडदान किया।





इसके बाद उन्होंने भगवान मत्यगजेंद्रनाथ और कामतानाथ के दर्शन कर विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की और कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा भी की। शनिश्चरी अमावस्या मेले को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा चित्रकूट में चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नजर आए, जिसे देखते हुए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

## पितरों का किया पिंडदान

श्रद्धालुओं ने शनिवार को मंदाकिनी नदी में स्नान करने के बाद अपने पितरों का तर्पण करते हुए पिंड दान किया। इसके बाद भगवान कामतानाथ के दर्शन किए और कामदगिरि की परिक्रमा लगाई। भक्तों ने धर्मनगरी के जानकीकुंड,सती अनुसुइया आश्रम,हनुमानधारा और भरतकूप तीर्थ स्थानों पर भी दर्शन किए। इससे पहले कलेक्टर डॉ.सतीश एस और एसपी आशुतोष गुप्ता ने कामदगिरि और हनुमानधारा क्षेत्र में लगातार छह घंटे तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। चित्रकूट क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## एक दिन पहले से पहुंचने लगे थे श्रद्धालु

रामघाट परिक्रमा के अलावा,हनुमान धारा,जानकी कुंड,सती अनुसुइया,गुप्त गोदावरी और भरत कूप क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।शनिवार को आषाढ़ मास के अवसर पर एक दिन पहले से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था।कई लोग पैदल तो कई निजी वाहनों से पहुंचे। कई जगहों पर समाज सेवियों ने प्रसाद वितरण भी किया। इस अवसर पर अतिरिक्त बसें भी चलाई गईं और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम भी बनाए गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,मेला क्षेत्र में 22 से 25 अगस्त तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।इन वाहनों को दूसरे रास्तों से बांदा और सतना सहित कौशांबी और प्रयागराज जिलों में भेजा जा रहा है।



# जलप्रपात में डूबने से दो युवकों की मौत





**सतना।** उचेहरा के परसमनियां पठार स्थित राजाबाबा जलप्रपात में डूबने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक कल अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए थे,तभी नहाते समय यह हादसा हुआ। पुलिस ने दोनों युवकों के शव बरामद कर परिजनों को सौंप दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, उचेहरा के पिपरी कला से 8 युवक पिकनिक मनाने गए थे। शाम को जलप्रपात में नहाते समय अचानक 2 युवक गहरे पानी में चले गए,जिससे वे डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक प्रीतम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान चलाया। पुलिस के रेस्क्यू ऑपरेशन में बालकृष्ण कुशवाहा और आयुष कुशवाहा का शव पानी से बाहर निकाला गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शवों को उनके परिवार वालों को सौंप दिया।बताया गया है कि 6 अन्य युवक सकुशल अपने घर लौट आए हैं,जिनमें कुसुमलाल कुशवाहा, पुष्पराज कुशवाहा, जीवनलाल विश्वकर्मा, सतीश कुशवाहा, अजय कुशवाहा और शिवम कुशवाहा शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि जल प्रपात में नहाते समय पैर फिसलने से यह हादसा हुआ।

## खबर संक्षेप

### मैहर-अमरपाटन हाईवे पर ट्रक की टक्कर से 2 गायों की मौत



**मैहर।** अमरपाटन जाने वाले हाईवे पर तिलौरा गाँव के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने सड़क पर खड़ी तीन गायों को टक्कर मार दी,जिससे दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना सुबह करीब 6 बजे हुई। इस हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी गुस्सा है। उनका कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन ऐसे हादसे होते हैं,लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने घायल गाय के इलाज और अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही,भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने और लापरवाह चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।

### विंध्य विकास फोरम ने भरहुत नगर में किया वृक्षारोपण

**सतना।** सामाजिक संगठन विंध्य विकास फोरम ने अपने साप्ताहिक वृक्षारोपण अभियान के तहत शनिवार को भरहुतनगर में आठवां वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।इस कार्यक्रम में आम,अमरूद ,आंवला और जामुन जैसे फलदार पौधे लगाए गए। फोरम ने इन पौधों की पूरी देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली है। इस कार्यक्रम के संयोजक फोरम के मार्गदर्शक और सेवानिवृत्त नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह रहे।

# नगर निगम का स्वच्छता जागरूकता एवं वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन

**सतना।** नगर पालिक निगम के तत्वावधान में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और एक अनोखी वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयुक्त के निर्देश पर और स्वच्छ भारत मिशन सतना के नोडल अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में टीम ने विभिन्न वार्डों में जागरूकता अभियान चलाए। इन कार्यक्रमों के तहत,मुहल्ला सभाएं आयोजित की गईं,जहाँ लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही,होम कंपोस्टिंग,प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध,रेड और येलो स्पॉट की जानकारी ,कचरे के सही निपटान (सोर्स



सेग्रीगेशन),और स्वच्छता ऐप के उपयोग के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त,रीवा रोड पर एक विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। इसी क्रम में,लिटिल फ्लावर स्कूल में वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन हुआ,जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए अपशिष्ट पदार्थों से पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमाएं बनाईं। इस कार्यक्रम में लिटिल फ्लावर स्कूल के प्राचार्य सिद्धार्थ पांडेय,शिक्षकगण,वार्ड दरोगा,सिपाही,टीम के सदस्य इमरान खान और निखिल जाधव सहित 300 से अधिक छात्र और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# लाडली बहनों के अपमान पर भड़की बीजेपी कांग्रेस के बयान की तीखी आलोचना




**सतना।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीमा सिंह यादव ने कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर के 'लाडली बहनों को बोरियों में भर देंगे' वाले बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह बयान मध्य प्रदेश की महिलाओं का घोर अपमान है और कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। इस बयान के विरोध में बीजेपी महिला मोर्चा ने सेमरिया चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सीमा सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयान महिलाओं के आत्म-सम्मान पर सीधा हमला हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता दोहरे चरित्र वाले हैं,एक तरफ उनके परिवारजन 'लाडली बहना' योजना का लाभ लेते हैं,वहीं दूसरी तरफ वे उसी योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं का अपमान करते हैं। पूर्व महापौर ममता पांडे ने इस बयान को 'निंदनीय' और 'शर्मनाक' बताते हुए कांग्रेस नेता से सार्वजनिक माफी की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता कांग्रेस की ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगी और आने वाले समय में उन्हें सबक सिखाएगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में बीजेपी सरकार लाडली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सम्मान दे रही है,जबकि कांग्रेस नेता उनका अपमान करने में लगे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में कई अन्य महिला कार्यकर्ता भी शामिल थीं।

## कांग्रेस नेता कर रहे बहनों का अपमान : श्याम लाल

भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी श्यामलाल गुप्ता श्यामू ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित लाड़ली बहना योजना ने प्रदेश की बहनों को आर्थिक मजबूती और सामाजिक सम्मान प्रदान किया है। इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा सरकार बहनों के हित में ऐतिहासिक कदम उठा रही है,वहीं कांग्रेस नेता लगातार बहनों का अपमान कर रहे हैं। यह कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। श्रीगुप्ता ने कहा कि जनता सब देख रही है और आगामी समय में कांग्रेस को इसका करारा जवाब मिलेगा।

## चित्रकूट विधायक की किसानों को बड़ी सौगात

**सतना।** चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार की पहल से टोंस हाइडल प्रोजेक्ट के बकिया बराज से किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। बिरसिंहपुर माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट की फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर पास हो चुकी है,जिसकी लागत लगभग 450 करोड़ रुपये है। इस अनूठी परियोजना के तहत बिजली उत्पादन के बाद बराज में बचे पानी का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए बाणसागर से 5 क्यूमेक्स अतिरिक्त पानी लगातार छोड़ा जाएगा। 3000 हॉर्सपावर के दो पंपों से 12 घंटे तक पानी लिफ्ट कर बिरसिंहपुर तहसील के 83 और मझगवां तहसील के 13 गांवों में पहुंचाया जाएगा। विधायक ने कहा कि यह परियोजना चुनावी वादे को पूरा करती है और किसानों को समर्पित है। वह भविष्य में पूरे बराज का पानी सिंचाई के लिए उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं,जिससे 200 से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा।

# सराफा बाजार में व्यापारी से आईफोन छीनकर तोड़ा

## सीसीटीवी में घटना कैद

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित सराफा बाजार फूलचंद चौक पर एक व्यापारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। डेलौरा बाईपास निवासी रामचरण साहू की रामभाई बाइब्रेटर नाम से दुकान है। शुक्रवार को दुकान में कंपनी बाग निवासी तौफीक खान आया। उसने बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद मारपीट करने लगा। विवाद के दौरान तौफीक ने रामचरण का आईफोन छीनकर जमीन पर पटक दिया। फरियादी के अनुसार फोन की कीमत एक लाख रुपए है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फरियादी की शिकायत पर



पुलिस ने आरोपी तौफीक खान के खिलाफ धारा 296,115(2),324(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

## घटिया सामग्री से बन रहा है तिलौरा में अस्पताल,जांच की मांग



**मैहर।** तिलौरा गाँव में बन रहे एक अस्पताल पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि भवन निर्माण में घटिया ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है और रेत-सीमेंट का अनुपात भी सही नहीं है,जिससे दीवारें कमजोर हो रही हैं। उनका कहना है कि पिलरों में भी सस्ती लोहे की सरिया का इस्तेमाल किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार,निर्माण स्थल पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं रहता और मजदूर मनमर्जी से काम कर रहे हैं।जिस जगह पर यह अस्पताल बन रहा है,वहाँ पहले एक आंगनवाड़ी केंद्र था। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि पुराने आंगनवाड़ी केंद्र को गिराने के बाद उसकी सामग्री,जैसे दरवाजे और खिड़कियाँ,कहाँ चली गईं। पूर्व सरपंच और उप सरपंच ने इस मामले की शिकायत की है,लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और जनपद सीईओ से इस मामले में हस्तक्षेप करने और अस्पताल के घटिया निर्माण की गुणवत्ता और पुराने आंगनवाड़ी केंद्र की सामग्री के गायब होने की जाँच करने की मांग की है। उनका आरोप है कि सरपंच की मिलीभगत से शिकायत को दबा दिया गया है।

# मैहर में चल रहा है श्री शिव पुराण कथा एवं रुद्र यज्ञ



**मैहर।** प्राचीन गोलामठ मंदिर में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुड़िया महाराज की समाधि स्थल पर श्रीशिव महापुराण कथा संकीर्तन 24 फरवरी से शुरू हुआ था,जो 24 अगस्त 2025 तक चला। अब इसके बाद,सोमवार 25 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक शिव शक्ति रुद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का मूल पाठ सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा, जबकि प्रवचन शाम 3 बजे से 6 बजे तक होंगे। इस आयोजन का समापन शुक्रवार,5 सितंबर को भोजन और भंडारे के साथ होगा। आयोजनकर्ता ओम गिरि जी महाराज,श्री सीताराम विश्वकर्मा और समस्त भक्ति मंडली ने सभी धर्म प्रेमियों से इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है। यह आयोजन गोला मठ प्राचीन मंदिर परिसर में हो रहा है।

# श्रीमती गीता सोलंकी ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला




**सतना।** जिले की नई प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके पति,जो स्वयं दमोह के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हैं,सुभाष सोलंकी और उनकी बेटी भी उनके साथ थीं। उनके आगमन पर,जिले के लोक अभियोजक/शासकीय अधि. रमेश मिश्रा (जीपी) ने अन्य एजीपी राघवेंद्र सिंह,रावेन्द्र सिंह,उमेश कुमार शर्मा,सुनील निगम,गिरजेश प्रसाद पांडे,अखिलेश अवधिया,राजेश मिश्रा और कमलेश द्विवेदी के साथ गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर स्थानीय न्यायाधीशों, न्यायालयीन कर्मचारियों और अधिवक्ताओं ने भी सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत किया।

# नल-जल योजना पर सवाल, ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को सौंपा आवेदन



**मैहर।** जनपद पंचायत मैहर की ग्राम पंचायत चौपड़ा में नल-जल मिशन योजना के कार्यान्वयन पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को एक लिखित आवेदन देकर इस मामले की जाँच की मांग की है। उनका कहना है कि गाँव में इस योजना के तहत अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है और न ही किसी को पानी का कनेक्शन दिया गया है। इसके बावजूद, पंचायत की वेबसाइट पर कुछ ग्रामीणों को फर्जी कनेक्शन दिखाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि किए गए कार्यों और कनेक्शनों की वास्तविक स्थिति की जाँच की जाए। यदि कनेक्शन फर्जी पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी मांग की है कि गाँव में पानी की समस्या को दूर करने के लिए जल्द से जल्द शुद्ध पेयजल कनेक्शन दिए जाएं। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस आवेदन की एक प्रति जनपद सीईओ, जिला कलेक्टर और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,भोपाल को भी भेजी गई है।

## खैरा प्राथमिक पाठशाला से सामान घर ले गए शिक्षक



**मैहर।** खैरा गाँव में स्थित प्राथमिक पाठशाला में शिक्षकों पर स्कूल का सामान अपने घर ले जाने का आरोप लगा है। एक घटना के दौरान,स्कूल के बच्चों से भारी सामान उठवाया गया,जिससे उनके छोटे हाथों पर बोझ पड़ा।आरोप है कि स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की सहमति से एक व्यक्ति,जो संभवतः कोई ठेकेदार या शिक्षक का परिचित है,स्कूल में रखा हुआ निर्माण का सामान अपने घर ले जाते हुए देखा गया। यह सब दबंगई से किया गया,मानो वे अपना ही सामान ले जा रहे हों। इस घटना ने स्कूल प्रशासन और शिक्षकों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने इस मामले की जाँच की मांग की है।

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए 1 लाख यूनिट रक्तदान का लक्ष्य

**सतना।** ब्रह्मकुमारीज और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक मनमोहन अग्रवाल एक लाख यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। यह महाअभियान 24 अगस्त,2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलाया जाएगा। इस विशाल रक्तदान शिविर का उद्देश्य मानव सेवा के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करना है। विशेषज्ञों के अनुसार,18 से 65 वर्ष की आयु के स्वस्थ व्यक्ति,जिनका वजन 50 किलोग्राम से अधिक है और हीमोग्लोबिन स्तर पुरुषों के लिए 13 ग्राम/डीएल और महिलाओं के लिए 12.5 ग्राम/डीएल है,रक्तदान कर सकते हैं। यह रक्तदान शरीर में नए रक्त के निर्माण को बढ़ावा देने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। आप भी इस नेक कार्य का हिस्सा बनकर एक जीवनदान दे सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**पन्ना।** आगामी त्यौहार को लेकर सिमरिया थाने में थाना प्रभारी के नेतृत्व में हुई शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी जगतपाल सिंह ने कहा मूर्ति विसर्जन करते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए छोटे बच्चे जहां विसर्जन हो रहा है वहां पर ना जाए प्रशिक्षित तैराक जिनको तैरना आता है उनकी निगरानी में विसर्जन करें पंडाल में आग से बचाव के लिए क्या सावधानी बरतनी चाहिए विस्तार से थाना प्रभारी ने समझाकर बताया शांति समिति की बैठक में सिमरिया के गणमान्य नागरिक पत्रकार जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पवई में खाद वितरण में अव्यवस्था, किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** खरीफ सीजन के बीच किसानों को खाद नहीं मिलने से पवई क्षेत्र में आक्रोश बढ़ गया है। किसानों ने मंडी गोदाम में चल रही अव्यवस्था और ब्लैक मार्केटिंग के आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी पवई को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि खाद वितरण में गड़बड़ी इतनी बढ़ गई है कि वास्तविक जरूरतमंद किसान खाली हाथ लौट रहे हैं, जबकि कुछ चुनिंदा लोगों को प्राथमिकता देकर खाद दी जा रही है।किसानों ने बताया कि गोदाम पर सुबह से कतार में लगने के बाद भी खाद नहीं मिलती। कई-कई घंटे इंतजार के बाद जब बारी आती है तो स्टॉक खत्म हो जाता है। महिला किसानों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। धूप और बारिश में खड़े रहने के बाद भी उन्हें निराश लौटना पड़ता है। किसानों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की मिलीभगत से गोदाम में खुलेआम ब्लैक मार्केटिंग हो रही है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया जाए। दोषी कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि हर किसान को उसकी आवश्यकता के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध हो। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने पहुंचे किसानों में कांग्रेस से माखन पटेल, अरुण पाल सिंह बुंदेला, महेन्द्र पाण्डेय, महबूब शौदागर, महेश बढ़ोलिया, रामहेत शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन को स्पष्ट कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन अपरिहार्य होगा।

# रिपोर्ट के 24 घंटे के अन्दर शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशनुसार देवेन्द्रनगर पुलिस टीम द्वारा शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को फरियादिया की रिपोर्ट के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 21/08/25 को फरियादिया द्वारा थाना देवेन्द्रनगर में आरोपी के विरुद्ध शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 437/25 धारा 69 बीएनएस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक रामआसरे सोनकर द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता पूर्वक आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के उचित मार्गदर्शन में थाना देवेन्द्रनगर में गठित पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पतारसी हेतु संभावित प्रयास किये गये साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी को 24 घण्टे के अन्दर 21/08/25 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पन्ना में पेश किया गया, जहां से आरोपी को जिला जेल पन्ना निरुद्ध किया गया है। सराहनीय योगादान - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक रामआसरे सोनकर, चौकी प्रभारी ककरहटी उ.नि. आर.आर. प्रजापति, सउनि शिशिर मण्डल, प्र.आर. रामभिखारी बागरी, प्रहरीराम वर्मा, आर. रोहित बागरी, राकेश पटेल, अंकित तिवारी, रोहित सिंह, मृगेन्द्र तिवारी, म.आर. प्रियंका, चा.आर. उदयराज बागरी, चा.आर. पुष्पेन्द्र जाट, सैनिक नरेन्द्र शुक्ला एवं पुलिस सायबर सेल शाखा का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## शाहनगर क्षेत्र में भैंस चोर गिरोह सक्रियः आधा दर्जनों ग्रामों से सैड़कों भैंस चोरों ने किया पार



**पन्ना।** शाहनगर थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों भैंस चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। आज दिन शुक्रवार को बीज़ाखेडा के करीब 7 लोगों ने शाह नगर थाना पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें किसानों द्वारा कहा जा रहा है कि हमारी भैसे कई महीनो से गायब है। कई दिनों से खोज करने के बाद भी नहीं मिल पा रही हैं। जिसमें किसानो द्वारा बताया जा रहा है. बीज़ाखेड़ा ग्राम से कुछ महीनों मे करीब 60 नग भैंस चोरी हो चुकी है। वही अर्थाई, बीज़ाखेड़ा,रामपुर खजुरी, रगोली, हरदुआ, झिन्ना, महिलावारा आदि ग्रामो से भी भैसे चोरी होने कि शिकायत सामने आ रही है। भौगोलिक दृस्टि से सभी ग्राम एक दूसरे से जुड़े हुए है। जिसके कारण कायश लगाया जा रहा है कि इस भैस तस्करी मामले मे कोई स्थानीय लोग भी सक्रीय है। जिसमे स्थानीय भैंस चोर गिरोह ने बीते कुछ महीनों में दर्जनों गांवों से सैकड़ों की संख्या में भैंसों को गायब कर दिया है। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में संगठित गिरोह सक्रिय होकर पशुओं को निशाना बना रहे हैं। कई जगह चौकसी और पहरा देने के बाद भी चोर गैंग आसानी से भैंसों को ले जाने में सफल हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि अब तक चोरी गई भैंसों का कोई सुराग नहीं लग सका है। लोगों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले को लेकर लापरवाह नजर आ रहा है, जबकि ग्रामीणों की जीविका का मुख्य साधन पशुपालन ही है। लगातार हो रही इन चोरी की घटनाओं से किसान और पशुपालक आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस संगठित भैंस चोर गिरोह को पकड़ा जाए और पशुपालकों को न्याय दिलाया जाए। साथ ही गांव-गांव में पुलिस कि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की भी मांग उठाई जा रही है। यह मामला अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका है। और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन की चेतावनी दे रहे है। वही किसानो कि मांग है कि उनकी भैसे वापस कराई जाये। वही गुप्त सूत्रों कि माने तो पुलिस द्वारा विगत दिवस 21 अगस्त क्रो भैस चोरी का एक मामला दर्ज किया है। जिसमे कुछ सन्धिद्ध से पूछताछ जारी है।

### इनका कहना है -

भैस चोरी का मामला संज्ञान मे आया है. जिसमे अपराध पंजीबद्ध किया गया है। संदिग्धो से पूछताछ जारी है। जल्द ही आरोपियों पर कार्यवाही कि जाएगी।

**मनोज यादव थाना प्रभारी शाहनगर**

## पवई में शांति समिति की बैठक संपन्न, गणेश विसर्जन और धार्मिक आयोजनों की बनी रूपरेखा




**पवई।** नगर में आगामी दिनों में एक साथ कई बड़े धार्मिक आयोजन होने जा रहे हैं। इन्हें लेकर शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम समीक्षा जैन ने की। बैठक में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान यह तय हुआ कि विसर्जन मुख्य रूप से हाइड्रा मशीन से कराया जाएगा और बाबा घाट एवं राजघाट पर भी विसर्जन की व्यवस्था रहेगी, लेकिन विसर्जन का स्थायी स्थान अभी तय नहीं हो पाया है। यदि शासन से विशेष निर्देश आते हैं तो नगर में विसर्जन कुंड बनाकर भी विसर्जन सम्पन्न कराया जाएगा। साथ ही आरती के समय कपूर का उपयोग सावधानीपूर्वक करने पर भी जोर दिया गया ताकि पंडालों में आगजनी जैसी स्थिति से बचा जा सके।

बैठक में तय हुआ कि 5 सितंबर को दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस नन्ही पवई से प्रारंभ होकर खटीक मोहल्ला होते हुए शाम 5 बजे जामा मस्जिद पहुंचेगा, वहां से झंडा बाजार होते हुए पुनः नन्ही पवई जैन तक जाएगा। इसी दौरान नगर में जश्न-ए-ईद मिलाद-उन-नबी का भी आयोजन होगा। प्रशासन ने मार्ग पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम करने की बात कही।जैन समाज का पर्युषण पर्व 6 सितंबर को मनाया जाएगा। इस दिन जैन मंदिर के बाहर श्रीजी बाहर आएंगे और 7 सितंबर को नगर भ्रमण आयोजित किया जाएगा। एसडीएम समीक्षा जैन ने बैठक में स्पष्ट कहा कि नगर में सभी आयोजन शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ सम्पन्न हों। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए विशेष टीम तैनात रहेगी।

### बैठक में बिफरी नजर आई भाजपा मंडल अध्यक्ष

थाना पवई में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा कोई भी बैठक आयोजित होती है तो मंडल अध्यक्ष को कोई जानकारी नहीं दी जाती लोगों को द्वारा जो जानकारी लगती है उसी के आधार पर मैं बैठक में उपस्थित होती हूं। इस बैठक में एसडीओपी भावना सिंह दांगी, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, कनिष्ठ अभियंता सतीश सैनी, मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया सहित नगर के विभिन्न समाजों के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने पटना तमोली के नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का किया अवलोकन



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को गुनौर विकासखंड की ग्राम पंचायत पटना तमोली के नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत परिसर सहित सचिव एवं सरपंच कक्ष, कम्प्यूटर, अतिथि कक्ष एवं किचिन रूम सहित मीटिंग हाल देखा और व्यवस्थाओं की सराहना की। सरपंच विश्वनाथ चौरसिया ने जिला कलेक्टर को ग्राम पंचायत द्वारा क्रियान्वित योजनाओं और उपलब्धि के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सरपंच को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी एवं प्रतीक्षित हितग्राहियों की सूची का ग्राम पंचायत भवन में प्रदर्शन कराने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि पन्ना जिले में 39 ग्राम पंचायतों में नवीन अटल सुशासन भवन का निर्माण कराया जाना है। प्रथम चरण में 28 और द्वितीय चरण में 11 अटल सुशासन भवन स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक भवन की लगत 37 लाख 50 हजार रुपए निर्धारित है। अब तक जिले में 4 अटल सुशासन भवन के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

# प्रत्येक वंचित हितग्राही को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ- विधायक श्री लोधी







### शासकीय योजनाओं का लाभ एवं हक प्राप्त करना नागरिकों का अधिकारर, कलेक्टर पवई विकासखंड की ग्राम पंचायत कल्दा में लगाया गया जन समस्या निवारण शिविर

**पन्ना।** शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्रत्येक वंचित लोगों तक पहुंचाया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्र में वृहद स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन सराहनीय पहल है। इससे बड़ी संख्या में ग्रामवासियों को एक ही स्थान पर आसानी से विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। यह बात पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने पवई विकासखंड की आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत कल्दा में शनिवार को आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कही। विधायक श्री लोधी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान पवई एवं शाहनगर ब्लॉक की लगभग 22 ग्राम पंचायतों के हितग्राही उपस्थित थे। शिविर स्थल पर आम जनता द्वारा निर्धारित काउंटर पर पंजीयन कराया गया और विभागवार स्टॉल पर आवेदन दिए गए। शिविर में कुल 336 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकतम प्रकरणों का त्वरित समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों सहित स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास, कृषि, सहकारिता, ऊर्जा इत्यादि विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणजनों को विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर गत 2 दिवस से संचालित आधार सेंटर में प्रत्येक जरूरतमंद लाभार्थी के नवीन आधार नामांकन और आधार अपडेशन कार्य पूर्ण होने तक निरंतर रूप से आधार केंद्र संचालन के निर्देश भी दिए गए। जन समस्या निवारण शिविर में विधायक ने आम जनता की समस्याएं सुनी और विधानसभा क्षेत्र में निरंतर रूप से संचालित विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि विकास की मुख्य धारा में शामिल होने से वंचित लोगों विशेषकर आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को लाभांवित करने की मंशा से यह शिविर लगाया गया है। क्षेत्र की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने से निश्चित ही आमजनों को सहूलियत होगी। त्वरित लाभ मिलने से लोगों को विकासखंड अथवा जिला मुख्यालय तक आवागमन नहीं करना पड़ेगा। इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में हर वंचित परिवार और व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर विधायक श्री लोधी ने प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न विकास कार्यों की मांग से अवगत कराया। साथ ही सतत रूप से विकास के लिए संघर्ष करने की बात भी दोहराई। पवई विधायक ने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में भी खुशहाली आई है। लाडली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना और आयुष्मान कार्ड जैसी स्कीम से लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाएगा। जल जीवन मिशन के जरिए हर ग्रामीण परिवार तक नल के माध्यम से शुद्ध जल पहुंचाने का भी प्रयास है। उन्होंने वन विभाग द्वारा की जाने वालो कार्रवाई में व्यवहारिक पहलुओं का ध्यान रखने तथा कल्दा-मैहर आवागमन की बेहतर व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई के लिए ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने कहा कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि जनहितैषी विकास कार्यों के लिए हमेशा प्रयासरत हैं। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि स्थानीय विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रयास एवं मांग पर यह शिविर लगाया गया है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा इसमें प्राप्त आवेदनों का अभियान के तौर पर तत्परता से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने ग्रामवासियों से शासन की नीति के तहत पात्र हितग्राहियों से महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं का लाभ लेने को अपील की। साथ ही कहा कि जनता को आधार सेवाओं सहित अन्य सुविधा व योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर है। कलेक्टर श्री कुमार ने ग्रामवासियों से कहा कि 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज व उपचार के लिए आयुष्मान योजना का लाभ जरूर लें। इससे चिन्हित एवं बड़े निजी अस्पताल में गरीब व्यक्ति भी अपना इलाज करा सकेंगे। निर्माण श्रमिक और 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक भी इसके लिए आगे आएं। इसी तरह महिलाओं से सिकल सेल एनीमिया के स्क्रीनिंग एवं हेल्थ चेकअप कराकर स्वास्थ्य लाभ लेने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि परिवार में मुखिया की मृत्यु के उपरांत फौती नामांतरण तुरंत करवाएं, जिससे खसरा व खतौनी में वारिसान का नाम शामिल हो सके और ऋण पुस्तिका सहित पीएम एवं सीएम किसान सम्मान निधि एवं अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों को अविलंब फौती नामांतरण की कार्रवाई पूर्ण करने तथा इस आशय का प्रमाण पत्र प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा लोगों से जन्म प्रमाण पत्र के लिए ग्राम पंचायतों में अविलंब आवेदन करने, लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बनवाने, किसी भी बैंक में जन धन खाता खुलवाकर बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने का भी आह्वान किया, जिससे सरकारी योजनाओं में मिलने वाली राशि का आसानी से लाभ मिल सके। जिला कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ एवं हक प्राप्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इसलिए आम जनता योजनाओं का लाभ प्राप्त कर आगे बढ़े। कलेक्टर ने गरीब जनता को बिजली के कम उपयोग के बावजूद अधिक राशि का बिल प्राप्त होने की शिकायत के समाधान सहित जन एवं पशु हानि पर वन विभाग द्वारा राहत राशि इत्यादि का लाभ लेने की बात भी कही। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती माताओं एवं बच्चों को पोषण आहार वितरण सहित कृषि विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड, आजीविका मिशन द्वारा समूह की महिलाओं के लिए संचालित स्कीम और पशुपालन एवं डेयरी विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालयों में आयोजित जनसुनवाई के अलावा आगामी दिवसों में आम जनता तक प्रशासन की पहुंच को और बेहतर एवं प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### आमजन अपने अधिकारों के प्रति रहें सजगः जपं अध्यक्ष

जन समस्या निवारण शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहनी मिश्रा ने कहा कि शिविर के जरिए स्थानीय स्तर पर समस्याओं का आसानी से निराकरण होगा। आमजनों से अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक रहने की बात भी उन्होंने कही। साथ ही क्षेत्रीयजनों से विकास कार्यों में आवश्यक सहयोग की बात कही। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इस शिविर के आयोजन से आपकी सरकार-आपके द्वार की सार्थकता सिद्ध हुई है। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में तथा विधानसभा क्षेत्र में संचालित महत्वपूर्ण विकास कार्यों की जानकारी दी। इसके साथ ही अनिवार्य रूप से शिविर का भरपूर लाभ प्राप्त करने तथा अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए निरंतर रूप से शाला भेजने की अपील भी उपस्थित जनसमूह से की। कार्यक्रम में अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार त्रिलोक सिंह पूसाम, जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार ने किया। शिविर में क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायतों के सहयोग से गर्भवती माताओं को पोषण किट का वितरण भी किया गया। इसके अलावा अनुग्रह सहायता राशि, पेंशन स्वीकृति आदेश, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं को चेक का वितरण भी किया गया।

# पन्ना टाइगर रिजर्व, पन्ना अन्तर्गत हाथी रेजुवेनेशन कैम्प का समापन







**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र हिनौता अन्तर्गत हाथी रेजुवेनेशन कैम्प का शुभारंभ किया गया जिसका समापन कार्यक्रम किया गया। रेजुवेनेशन कैम्प के दौरान पार्क के समस्त 19 हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के चिकित्सक दल द्वारा किया जाकर आवश्यक सेम्पल एकत्रित किये गये। समापन कार्यक्रम में श्री नरेश सिंह यादव क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, श्री मोहित सूद, उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, डॉ के.पी.सिंह, वरिष्ठ पशु चिकित्सक, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, डॉ, संजीव कुमार गुप्ता, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक संचालक पन्ना/ मड़ला, परिक्षेत्र अधिकारी हिनौता एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों उपस्थित रहे। इस अवसर पर हाथियों को उनके पसंद के फल जैसे कैला, सेव, तरबूजा, गन्ना एवं पौष्टिक आहार जैसे मेवे के लड्डू आदि आदि खिलाये गये। रेजुवेनेशन कैम्प के दौरान हाथी महावतों के मध्य खेल कूद प्रतियोगितायें आयोजित की गई जिसमें कबड्डी, खो-खो, बॉलीवॉल एवं रस्साखींच आदि प्रतियोगितायें आयोजित की गई। अंत में समस्त हाथी महावत एवं चाराकटरो को क्षेत्र संचालक के द्वारा बर्दी एवं केप वितरित की गई। उपरोक्त समापन कार्यक्रम में हिनौता ईको विकास समिति के अध्यक्ष, समिति सदस्य, पूर्व सरपंच आदि जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। अन्त में सहायक संचालक मड़ला द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सूने घर में हुई चोरी, लाखों के जेवर और नकदी ले उड़े चोर



**छतरपुर।** शहर के देरी रोड पर चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुरा ली। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह वारदात देर रात उस समय हुई जब घरवाले गांव गए थे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड निवासी महेश प्रसाद पटैरिया अपने परिवार के साथ भगवां गए थे। इसी दौरान रात करीब 2 बजे चोरों ने उनके सूने घर को निशाना बनाया। चोरों ने ताले तोड़कर अलमारी से चांदी के सिक्के, करधोनी, सोने के आभूषण जिनकी कीमत लगभग एक लाख रुपये है, और 5 हजार रुपये नकद चुरा लिए। परिवार के दीपेश पटैरिया ने बताया कि चोरी की यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है, जिसमें चोर साफ दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। यह घटना क्षेत्र में बढ़ती चोरियों पर सवाल उठाती है।

### शराबी ने स्कूल में घुसकर हेड मास्टर और रसोइयों के साथ की मारपीट

# आरोपी ने धारदार हथियार से मचाया आतंक, स्कूल छोड़कर भागे बच्चे

छतरपुर।

जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिदौनिया गांव की शासकीय माध्यमिक शाला में शनिवार दोपहर एक युवक ने नशे में धुत होकर शिक्षक और रसोइयों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में हेडमास्टर सहित तीन महिला रसोइया घायल हुई हैं, जिनमें से एक आरोपी की मां है। घटना के वक्त स्कूल में मध्यान्ह भोजन चल रहा था, तभी हुए इस बवाल से बच्चे डर गए और भोजन छोड़कर भाग खड़े हुए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। दिदौनिया निवासी आरोपी राजू पटेल नशे में धुत होकर स्कूल में रसोईया के तौर पर काम कर रही अपनी मां तुलसिया पटेल को मारने के इरादे से हाथ में धारदार हथियार लेकर स्कूल पहुंचा। जब स्कूल के हेडमास्टर नरेंद्र पाल सिंह परिहार ने उसे रोकने का प्रयास किया तो राजू ने उन पर ही धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद राजू ने अन्य रसोइयों दीपा कुशवाहा, बबली कुशवाहा और अपनी मां तुलसिया पटेल के साथ मारपीट की। इस हमले के दौरान मध्यान्ह भोजन कर रहे बच्चे डर गए और थालियां छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए। घटना की सूचना मिलते ही बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। बमीठा पुलिस ने आरोपी राजू पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, आरोपी अभी फरार है।

**इनका कहना है -**

दिदौनिया गांव के राजू पटेल ने शराब के नशे में शिक्षक के साथ मारपीट की है। राजू की मां स्कूल में खाना बनाती है, उसके साथ भी मारपीट की है। आरोपी अभी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे पकड़कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**मनमोहन सिंह बघेल,**
एसडीओपी, खजुराहो।



### ग्रामीण तहसीलदार सिंगरौली की बड़ी कार्यवाही शासकीय नदी पर कर रहे अतिक्रमण को मौके जाकर रोका, दो ट्रेक्टर व एक जेसीबी जप्त

**सिंगरौली ।** जिले के ग्रामीण तहसीलदार जान्हवी शुक्ला ने मिली शिकायत के आधार पर मौके पर जाकर बड़ी कार्यवाही की है ज्ञातव्य हो कि भू माफिया कासिम हुसैन निवासी सोनभद्र उत्तरप्रदेश के द्वारा ग्राम पोड़ी नौगई मे कुछ वर्ष पूर्व जमीन खरीदा है तभी से उसकी नजर शासकीय नदी पर है!जब कासिम हुसैन ने जमीन खरीदा उसी समय शासकीय नदी पर कब्जा करने का प्रयास किया था लेकिन उस समय तत्कालीन कलेक्टर शशांक मिश्रा ने तत्कालीन तहसीलदार व पटवारी को मौके पर भेजकर अबैध अतिक्रमण को रोकवा दिया था!उसके बाद कुछ वर्षो तक भू माफिया शांत रहा लेकिन कुछ महीने पहले फिर से अतिक्रमण का प्रयास कर रहा था लेकिन मिली शिकायत के आधार पर राजस्व टीम व पुलिस ने कई टैक्टर पकड़कर कार्यवाही की थी!इसके बाद भी भू माफिया कासिम हुसैन ने कुछ प्रशासन के अधिकारियो व कर्मचारियों को मिलाकर कई दिनो से रातो-रात काम चलवाकर शासकीय नदी पर अतिक्रमण कर लिया!जिसकी शिकायत के आधार पर तेज तरार्र तहसीलदार ने मौके जाकर जाँच की जिसमे लगभग एक दो एकड़ शासकीय नदी पर भू माफिया अतिक्रमण कर लिया है व अतिक्रमण कर रहे एक जेसीबी व दो टैक्टर जप्त कर पंचनामा तैयार कर कार्यवाही की है!जब्त किये गए टैक्टर व जेसीबी खुटार चौकी मे खड़े है!*कार्यवाही से बचने भू माफिया लगा रहा है तहसील का चक्कर*-सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भू माफिया कासिम हुसैन कार्यवाही से बचने के लिए तहसील का चक्कर लगा रहा है, पैसे के बल पर शिकायतकर्ता को धमकी दे रहा है की मै बहुत जल्द छुड़ा लूँगा और तुमको देख लूँगा व नदी पर किया गया कब्जा नही खाली करूँगा जिसको जो करना है कर ले!कार्यवाही से बचने के लिए गरीब आदिवासी सरपंच को मिलाकर ग्राम सभा का प्रस्ताव बनाकर दिलवा रहा है की रोड ग्राम पंचायत बनाएगी जबकि जहाँ रोड की बात कर रहे है वहाँ एक भी घर नही है फिर किसके लिए रोड बनाई जाएगी!शासकीय नदी पर अतिक्रमण करने से जल स्तर पर काफी प्रभाव पड़ रहा जल स्तर काफी नीचे चला जा रहा है और करोड़ों के शासकीय भूमि पर कब्जा कर रहा है!अब देखना हैं कि तहसीलदार के द्वारा क्या कार्यवाही होती है।

### लवकुशनगर में लगा रक्तदान शिविर



**लवकुशनगर।** ब्रह्माकुमारीज उपसेवा केंद्र ने विश्व बंधुत्व दिवस पर दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य तिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर मानवता और सेवा का संदेश दिया। शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, और दर्जनों यूनिट रक्त एकत्र हुआ, जो जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बनेगा। कार्यक्रम में छतरपुर से पधारीं ब्रह्माकुमारी रमा दीदी, उपसेवा केंद्र प्रभारी बीके सुलेखा बहन, मुख्य अतिथि सीओ डॉ. हरिश केसरवानी, महाविद्यालय प्राचार्य हरिचरण, डॉ. सुधीर और डॉ. महाप्रसाद उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में रक्तदान को सबसे बड़ा मानव धर्म बताया, जो एक यूनिट रक्त से तीन लोगों का जीवन बचा सकता है। रमा दीदी ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और यह समाज में प्रेम व सहयोग की भावना को मजबूत करता है। बीके सुलेखा बहन ने इसे भाईचारे और जागरूकता का माध्यम बताते हुए सभी रक्तदाताओं का आभार जताया।

# 200 साल पुराना रियासत कालीन महल का हिस्सा ढहा

### मची अफरा-तफरी, प्रशासन ने कराया खाली, बड़ा हादसा टला



**छतरपुर।** शनिवार की सुबह पुरानी तहसील के पास 200 साल पुराना रियासत कालीन महल का एक हिस्सा ढह गया, जिससे आसपास के भवनों को नुकसान पहुंचा और अफरा-तफरी मच गई। उक्त भवन में एक विद्यालय भी संचालित हो रहा है। हालांकि हादसा स्कूल खुलने से पहले हुआ, अन्यथा बड़ा नुकसान भी हो सकता था। हादसे के बाद प्रशासन ने स्कूल को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के आदेश दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 7 बजे पुरानी तहसील के समीप स्थित 200 वर्ष पुराना रियासत कालीन महल बारिश के कारण कमजोर हो गया था। सबह के वक्त हुई हल्की बारिश के दौरान महल का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। चूंकि इसी भवन में एक विद्यालय भी संचालित हो रहा था लेकिन हादसा सुबह के वक्त होने के कारण विद्यालय खाली था, जिससे कोइ जनहानि नहीं हुई। हादसे के कारण आसपास के कई और भवन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। सूचना मिलते ही एसडीएम अखिल राठौर और सीएसपी अरुण कुमार सोनी मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने तुरंत स्कूल को खाली करवाया और इसे अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने चेतावनी दी कि यदि स्कूल प्रबंधन ने निर्देशों का पालन नहीं किया तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। बची हुई इमारत भी जर्जर हालत में है और गिरने की आशंका को ध्यान में रखकर एसडीएम ने नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग को इमारत को गिराने और सुरक्षा उपाय करने के आदेश दिए।

# फरार अपराधियों और गुमशुदा बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए एसपी ने घोषित किए इनाम

**छतरपुर।** फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और गुमशुदा बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने इनाम की घोषणा की है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों और पुराने मामलों के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक ने इनाम की राशि बढ़ाकर कार्रवाई को और तेज कर दिया है। हाल के दिनों में कई इनामी अपराधियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने फरार वांछित अपराधियों और स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए निरंतर इनाम की उद्घोषणा की है। पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार ने थाना नौगांव के अपहरण और बंधक प्रकरण में फरार आरोपी राजा पंडित उर्फ राजा पुरोहित, निवासी ग्राम मोहारा, जिला ललितपुर, पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। थाना कोतवाली के हत्या के मामले में फरार महेश राय पर 10 हजार रुपये, थाना ओरछा रोड के दो संपत्ति संबंधी मामलों में 10-10 हजार रुपये, थाना कोतवाली के चार, सिविल लाइन, बमीठा, नौगांव



के दो-दो, अलीपुरा और बक्सवाहा के एक-एक मामले में 5-5 हजार रुपये, और सिविल लाइन के एक मामले में रवि रैकवार निवासी बसारी, पर 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इसी तरह गुम अथवा अपहृत बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए वर्ष 2024 से पहले के मामलों में 7 हजार रुपये, 2024 के मामलों में 5 हजार रुपये और 2025 के मामलों में 4 रुपये का इनाम रखा गया है।

### गिरफ्तार किए गए यह इनामी अपराधी

हाल के दिनों में छतरपुर पुलिस ने थाना गौरिहार के लूट के मामले में मनीष अहिरवार, पुष्पेंद्र अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, रवि अहिरवार, थाना राजनगर के स्नेचिंग के दो मामलों में 10 हजार रुपये के इनामी कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ केसी राजा, अमित कुशवाहा, अखिलेश कुशवाहा, संतोष पाल, थाना बमीठा के चोरी के मामले में 5 हजार रुपये के इनामी वहीद मुसलमान और कल्लू मुसलमान, साथ ही पशु चोरी के अंतर्राज्यीय गिरोह के मास्टरमाइंड निजाम खान उर्फ मुजाम खान, शिशुबिंद्र सिंह उर्फ गोपाला यादव, जीतू सिंह यादव, बिक्रम उर्फ राहुल अहिरवार, और मानवेंद्र यादव उर्फ अंकुश यादव को गिरफ्तार किया।

### सफाई कर्मचारियों पर हमलों के विरोध में हुआ प्रदर्शन

# भारतीय सफाई मजदूर संघ ने कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन

छतरपुर।

पिछले दिनों शहर के अलग-अलग स्थानों पर सफाई कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट और अभद्र व्यवहार की घटनाओं से नाराज भारतीय सफाई मजदूर संघ ने शनिवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। दो दिन में कार्रवाई न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई है।

भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष आदित्य वाल्मीकि के नेतृत्व में सैकड़ों नगर पालिका कर्मचारियों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। आदित्य ने बताया कि 14 अगस्त को नगर पालिका सुपरवाइजर अमर वाल्मीकि के साथ पुष्पेंद्र कुशवाहा ने गाली-गलौज और मारपीट की, जिसकी शिकायत सिटी कोतवाली में दर्ज की गई, लेकिन पुष्पेंद्र के राजनीतिक प्रभाव के कारण अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा, 22 अगस्त को पन्ना रोड पर एक अन्य कर्मचारी उमेश के साथ तीन अज्ञात लोगों ने मारपीट की, जिसकी रिपोर्ट




सिविल लाइन थाने में दर्ज है, लेकिन आरोपियों की पहचान नहीं हुई। आदित्य ने कहा कि सफाई कर्मचारी पूरी निष्ठा से शहर को स्वच्छ रखते हैं, फिर भी असामाजिक तत्वों द्वारा उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती है। कई मामलों में कार्रवाई नहीं होती, और दोषी खुलेआम घूमते हैं, जिससे कर्मचारियों का मनोबल टूटता है और वे असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दो दिन में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो जिले भर में सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी जिला और पुलिस प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी और मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

# शनिवार को बागेश्वर धाम में दिखा आस्थावानों का सैलाब, महाराज श्री ने अभिवादन स्वीकारा

### बागेश्वर महराज की दक्षिण भारत की पहली कथा चेन्नई में 29 से

**छतरपुर।** सिद्ध संतों की तपोभूमि बागेश्वर धाम में शनिवार को जिस तरफ देखो उस तरफ सिर्फ आस्थावानों का सैलाब दिख रहा था। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सुबह सभी आस्था वानों का अभिवादन स्वीकार करते हुए नवंबर में होने वाली दिल्ली से वृंदावन की पदयात्रा में सभी को आमंत्रित किया। सितंबर का यह आखिरी प्रेत दरबार था। महाराज श्री अब अक्टूबर में 7 तारीख को धाम वापस आएंगे। दक्षिण भारत में महाराज श्री की पहली कथा 29 सितंबर से चेन्नई में होने जा रही है।



बागेश्वर धाम में मंगलवार एवं शनिवार को लाखों लोगों की मौजूदगी दिखाई देती है। चूंकि शनिवार को प्रेत बाधा से पीड़ित लोगों के लिए दरबार लगाया जाता है इसलिए प्रेत बाधा के शिकार हजारों लोग बागेश्वर धाम आए। वहीं बालाजी के दरबार में हाजरी लगाने के लिए भी हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दी। सुबह समूचा परिक्रमा मार्ग और उसके आसपास का पूरा क्षेत्र श्रद्धालुओं से भरा पड़ा था। दोपहर के बाद जब प्रेत दरबार लगाया गया तो 50 हजार स्क्वायर फीट से अधिक क्षेत्र में सिर्फ श्रद्धालु दिखाई दे रहे थे। सितंबर माह का यह आखिरी प्रेत दरबार था। महाराज श्री 25 सितंबर को मुंबई के लिए रवाना होंगे। मुंबई के भिवंडी में स्थित बागेश्वर धाम सनातन मठ में तीन दिवसीय गणेश उत्सव कार्यक्रम 27 को आयोजित होने जा रहा है। मठ में प्रथम पूज्य भगवान गणेश की स्थापना की जानी है। तीन दिनों तक मठ में रहने के बाद महाराज श्री दक्षिण भारत की अपनी पहली कथा सुनाने चेन्नई के लिए रवाना होंगे। चेन्नई में कथा करने के बाद में पदयात्रा से जुड़ी बैठकों में शामिल होंगे। वे अगले माह बागेश्वर धाम आएंगे।

# कभी भी ढह सकता है 80 साल पुराना जर्जर स्कूल भवन

### जान जोखिम में डाकर पढ़ाई कर रहीं 1050 छात्राएं



**बकस्वाहा।** नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 80 साल पुराना भवन इन दिनों 1050 छात्राओं के लिए खतरा बना हुआ है। जर्जर दीवारों और टपकती छत वाले इस भवन के बारिश और तेज हवा में गिरने की आशंका से छात्राएं भयभीत हैं। प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन ने भवन को ध्वस्त करने की अनुशंसा की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बकस्वाहा बस स्टैंड पर स्थित इस स्कूल भवन की हालत अत्यंत दयनीय है। गत 12 अगस्त को एसडीओ और उपयंत्री की रिपोर्ट में भवन को पूरी तरह जर्जर बताते हुए इसे तत्काल ध्वस्त करने की सिफारिश की गई है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी प्रस्ताव पारित कर पुराने भवन को गिराकर समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्वीकृत नए कक्षों के निर्माण की मांग की है। स्कूल के 22 कक्षों में से 11 खस्ताहाल हैं, जिसके चलते बरसात में छात्राएं जोखिम उठाकर पढ़ाई और मध्यान्ह भोजन करने को मजबूर हैं। इस स्थिति से चिंतित छात्राओं ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि भवन को जल्द से जल्द गिराकर नया स्कूल बनाया जाए। बीते रोज भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे ने छात्राओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

# श्रद्धालुओं को मिले स्वच्छ पेयजल इसलिए एसबीआई ने भेंट किए चार वाटर कूलर

### क्षेत्रीय प्रबंधक ने बागेश्वर महाराज को सौंपी वाटर कूलर की चाबियां



**छतरपुर।** दुनिया भर से बागेश्वर धाम आने वाले धर्म प्रेमियों को अब स्वच्छ पेयजल मिल सकेगा, इसके लिए भारतीय स्टेट बैंक ने चार वाटर कूलर बागेश्वर धाम जन सेवा समिति को सौंपे हैं। ऐसा नहीं है कि पूर्व में बागेश्वर धाम में स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा था लेकिन प्रमुख स्थानों में एसबीआई द्वारा सौंपे गए वाटर कूलर लगाने से पेयजल और आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश कुमार सिंह ने वाटर कूलर की चाबियां बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को सौंपी। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वॉटर कूलर की क्षमता 400 लीटर है। भारतीय स्टेट बैंक की बागेश्वर धाम शाखा की ओर से सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में लगाये जा रहे 4 वॉटर कूलर से कुल 1600 लीटर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। श्री सिंह ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक का उद्देश्य है कि देशभर से आने वाले श्रद्धालु स्वच्छ पेयजल ग्रहण करें ताकि वे बीमारियों से बच सके। उन्होंने बागेश्वर महाराज को वाटर कूलर की चाबियां भेंट की। उल्लेखनीय है कि समय-समय पर भारतीय स्टेट बैंक सोशल बैंकिंग के तहत समाज हित के ऐसे कार्य करता रहता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक के अलावा मुख्य प्रबंधक रविंद्र श्रीवास, शाखा प्रबंधक बागेश्वर धाम संजय भाटिया व अंकित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### प्रकाशमणि दादी की 18वीं पुण्य स्मृति पर डेढ़ दर्जन लोगों ने किया रक्तदान



**खजुराहो।** ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यस्मृति पर रक्तदान शिविर आयोजित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डेढ़ दर्जन लोगों ने रक्तदान के माध्यम से पुण्य कार्य में हिस्सा लिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक खजुराहो सेवा केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ दादी प्रकाशमणि को श्रद्धा सुमन अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कविता सिंह रानी साहिबा, रेडिसन होटल की जीएम विजया दत्ता, मिसेज मध्यप्रदेश 2025 (ब्यूटी विद पर्पस और मिसेज ग्रेसफुल) शिल्पी जैन, जो भारतीय जनता पार्टी खजुराहो की मंडल उपाध्यक्ष और अरिहंत एवं स्वर्णोदय महिला मिलन परिषद की अध्यक्ष हैं, आरडीएस स्कूल की प्राचार्य रेखा सिंह, सूर्या होटल के संचालक नितिन जैन, यश वर्धन सिंह, प्रभात सिंह, मयूर अग्रवाल, सौभाग्य अग्रवाल, अर्जुन सिंह परमार, रागिनी परमार, प्रमोद विश्वकर्मा, अर्जुन सिंह बुंदेला, दीपक साहू, दिनेश सोनी, धर्मेंद्र कुमार, अशोक पुष्पक और आकाश कुमार ने रक्तदान किया। कविता सिंह रानी साहिबा ने कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाना सौभाग्य की बात है। शिल्पी जैन ने रक्तदान को महापुण्य बताते हुए आयोजकों का आभार जताया। विजया दत्ता ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ के इस नेक कार्य में समय निकालकर शामिल होना गर्व की बात है। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया।

### सटई में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग हुई तेज

### आजाद समाज पार्टी ने रैली निकालकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** जिले के सटई में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर शनिवार को आजाद समाज पार्टी ने जिला मुख्यालय पर रैली निकालने के बाद कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। कई वर्षों से चली आ रही इस मांग को पूरा न करने पर पार्टी ने मुख्यमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष गजेंद्र अहिरवार ने बताया कि सटई में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन जिला प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। मांग को पूरा कराने के लिए आज छतरपुर के मेलाग्राउंड से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रतिमा स्थापित नहीं हुई तो पार्टी मुख्यमंत्री के आगामी कार्यक्रम में विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन के दौरान आजाद समाज पार्टी के अलावा, बड़ी संख्या में मांग का समर्थन करने वाले लोग मौजूद रहे।

## रक्तदान से मिलता है जीवनदान - उप मुख्यमंत्री डिप्टी सीएम ने दो दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कृष्णराज कपूर आडिटोरियम में दो दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। रक्त फैक्ट्री में नहीं बन सकता है उसका निर्माण मानव शरीर में ही संभव है जब हम रक्तदान करते हैं तो उससे पीड़ित को जीवनदान मिलता है। स्वंय के स्वास्थ्य के लिए भी रक्तदान लाभकारी होता है। हर स्वस्थ्य व्यक्ति तीन माह में एक बार रक्तदान कर सकता है। मैंने अपने जीवन में जो पुण्य के कार्य किये हैं उनमें रक्तदान सर्वोपरी है। रीवा में अब रक्त को संचालित करने की पर्याप्त सुविधा हो गयी है। हर व्यक्ति समय समय पर रक्तदान करके पीड़ितों की जान बचाने में सहयोग दें। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला प्रशासन और प्रजा पिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरी संस्थान द्वारा किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने रक्तदान करने वालों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। समारोह में ब्राम्हकुमारी संस्थान द्वारा उप मुख्यमंत्री को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री ने स्व. प्रकाशमणि को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रजा पिता ब्राम्हकुमारी संस्थान देश में आध्यात्मिक चेतना के विकास और समाज सेवा में सराहनीय कार्य कर रहा है। संस्थान का माउंटआबू मुख्यालय आध्यात्मिक ऊर्जा का केन्द्र है। संस्थान की दादी प्रकाशमणि भौतिक रूप से हमारे बीच अब नहीं हैं लेकिन उनका स्नेह आशीर्वाद और आध्यात्मिक चेतना हमेशा सदैव प्रेरणा देती रहेगी। अपने लिए तो सभी जीते हैं ब्राम्हकुमारी संस्थान ने हमें दूसरों के लिए जीना सिखाया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गड़करी जबलपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों के साथ रीवा को भी सिरमौर डभौरा रोड तथा रीवा बाईपास 8 लेन निर्माण का शिलान्यास करके बड़ी सौगात दे रहे हैं। बाईपास और बेला सिलपरा रिंग रोड का निर्माण आगामी मार्च माह तक पूरा हो जायेगा। इससे रीवा रिंग रोड की सुविधा वाला प्रदेश का पहला शहर बन जायेगा। समारोह में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आरपी सिंह, ब्राम्हकुमारी संस्थान के बी.के. प्रकाश एवं बड़ी संख्या में संस्थान पदाधिकारी तथा रक्तदान करने वाले उपस्थित रहे।

## भारतीय ज्ञान परम्परा, व्यक्तित्व विकास के साथ जीवन कौशल प्रबन्धन के गुण सीख रहे है नवप्रवेशित इंजीनियरिंग विद्यार्थी

रीवा। शासकीय रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय रीवा में चलाये जा रहे साप्ताहिक स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम दीक्षारंभ–2025 के अंतर्गत विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास हेतु विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सहजयोग साधना, प्राणायाम तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। साथ ही विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला में प्रतिष्ठित वक्ताओं ने छात्रों को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के व्यवसायिक प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अतुल पांडेय ने छात्र-छात्राओं को पॉजिटिव एटीट्यूड के साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट, शासकीय विधि महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ रवीन्द्र तिवारी ने भारतीय ज्ञान परपरा में वैज्ञानिकता, शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रीवा के प्राध्यापक डॉ. आशुतोष द्विवेदी ने गुड हैबिट्स फॉर हेल्दी लाइफ, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुनील पांडेय ने युवाओं के प्रेरणास्रोत – स्वामी विवेकानंद , पी एम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राध्यापक डॉ. भारतेन्दु मिश्र ने भारतीय प्राचीन ग्रन्थों में वैज्ञानिकता तथा चिकित्सक डॉ. व्योमकेश शुक्ल ने स्वस्थ, सजग एवं संवेदनशील युवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वक्तव्य देते हुए युवाओं को समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक तथा राष्ट्र सर्वोपरि का मूल मंत्र समझाया ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. पी. तिवारी के दिशानिर्देशन में महाविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर तथा संयोजक दीक्षारंभ डॉ सन्दीप पांडेय के नेतृत्व में आयोजन समिति के सभी प्राध्यापकों तथा वरिष्ठ छात्र छात्राओ के सहयोग से नवप्रवेशित छात्र छात्राओ के लिए वाद विवाद, तात्कालिक भाषण, कविता पाठ, रंगोली, पेंटिंग तथा संगीत प्रतियोगिताएं भी आयोजित कर महाविद्यालय में प्रवेशित होते ही प्रतिभा को निखारने का अवसर दिया जा रहा है।

# सीएम राइज़ स्कूल में करंट लगने से छात्रा घायल
# परिजनों ने प्रबंधन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए

रीवा।

*शासकीय सीएम राइज़ स्कूल, सेमरिया में शुक्रवार को एक गंभीर हादसा सामने आया, जिसने स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कक्षा 10वीं की एक छात्रा स्कूल परिसर स्थित शौचालय में करंट की चपेट में आ गई। घटना के बाद छात्रा को तत्काल सेमरिया के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।*



पीड़ित छात्रा के पिता पंकज (स्थानीय निवासी) ने बताया कि यह दुर्घटना स्कूल की छुट्टी के बाद लगभग तीन बजे के आसपास हुई। छात्रा जैसे ही शौचालय की ओर गई, वहां लगे लोहे के दरवाजे में प्रवाहित हो रहे करंट के संपर्क में आ गई। करंट लगते ही वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई और काफी देर तक वहीं पड़ी रही। इस दौरान किसी स्टाफ सदस्य या जिम्मेदार व्यक्ति ने मौके पर ध्यान नहीं दिया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पार्षद मौके पर पहुंचे और उन्होंने शिक्षकों की मदद से छात्रा को अस्पताल पहुंचाया। परिजनों का आरोप है कि यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है। पंकज ने दावा किया कि इससे पहले भी कुछ छात्राएं शौचालय क्षेत्र में करंट महसूस होने की शिकायत कर चुकी थीं, लेकिन प्रबंधन ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

पहले भी हो चुकी हैं शिकायतें, नहीं लिया गया संज्ञानस्थानीय लोगों और छात्राओं के मुताबिक, बीते कुछ सप्ताहों से स्कूल के शौचालय परिसर में विद्युत प्रवाह की शिकायतें मिल रही थीं। कई बार दरवाजे या दीवारों में हल्का करंट महसूस किया गया था, जिसकी सूचना शिक्षकों और प्रबंधन को दी गई थी। हालांकि, इन शिकायतों पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई और न ही विद्युत व्यवस्था की नियमित जांच कराई गई।

## बिजली लाइन पर काम करते वक्त आउटसोर्स कर्मचारी झुलसा



*अस्पताल में भर्तीकर्मचारियों में आक्रोश,विंध्य आउटसोर्स कर्मचारी संगठन ने सुरक्षा व स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी*

रीवा।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत उमरी रीठी गांव में कार्य के दौरान एक आउटसोर्स कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया। यह हादसा उस समय हुआ जब कर्मचारी चंद्रपाल बिजली लाइन पर कार्य कर रहा था। झुलसने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तत्काल संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया। वर्तमान में उसका इलाज जारी है। जैसे ही इस हादसे की सूचना विंध्य आउटसोर्स कर्मचारी संगठन को मिली, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पांडे, प्रदेश सचिव सतीश चौबे, जिला अध्यक्ष अजय तिवारी तथा बिजली विभाग के सहायक यंत्री अंशुल नारायण मौके पर पहुंचे। बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी भी अस्पताल में इकट्ठा हो गए और नाराजगी जताई। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में आए दिन आउटसोर्स कर्मचारी दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। कई ने तो जान तक गंवाई है, लेकिन सरकार या विभाग की ओर से कोई ठोस सहायता या सुरक्षा व्यवस्था मुहैया नहीं कराई जाती। कर्मचारियों का आरोप है कि आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। जहां एक ओर ये कर्मचारी दिन-रात जान जोखिम में डालकर सेवाएं दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी भर्तियों में इन्हें कोई प्राथमिकता या छूट तक नहीं दी जा रही है। सरकार की नीतियों में सुधार की जरूरत है। हमसे काम तो सरकारी कर्मचारी की तरह लिया जाता है, लेकिन सुविधाएं नहीं दी जातीं। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही आउटसोर्स कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

## राज्य कौशल प्रतियोगिता के संबंध में कार्यशाला 26 अगस्त को

रीवा ।

मध्यप्रदेश राज्य कौशल प्रतियोगिता के प्रचार प्रसार तथा पंजीयन के लिए 26 अगस्त को संभागीय आईटीआई रीवा में दोपहर 12 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य आईटीआई एस.एन. मिश्रा ने बताया कि कौशल प्रतियोगिता में 63 तरह के विभिन्न स्किल के संबंध में प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। इसमें शामिल होने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू स्किल इंडिया डिजिटल डाट जीओव्ही डाट इन पोर्टल पर 30 सितंबर तक पंजीयन कराना अनिवार्य है। कार्यशाला में पंजीयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। कार्यशाला में भाग लेने के लिए सभी आईटीआई, इंजीनियरिंग कालेज, पालिटेक्निक कालेज, माडल साइंस कालेज, टीआरएस कालेज, शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्यों से अनुरोध किया गया है।23/08/2025, 7:40pm - गुड्डू निगम रीवाः ग्राम स्वच्छता संबंधी कार्यशाला आजरीवा । ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला 24 अगस्त को होटल विन्ध्या रिट्रीट रतहरा में आयोजित की जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि कार्यशाला सुबह 9 बजे से एक बजे तक आयोजित होगी। इसमें यूनीसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशाकार्यकर्ता तथा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंचों को ग्राम स्वच्छता के संबंध में प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यशाला में प्रत्येक विकासखण्ड से 20 आंगनवाडी कार्यकर्ता, 20 आशा कार्यकर्ता तथा 10 पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिभागियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## दीवाल गिरने से दो व्यक्तियों की दुखद मौत, पीड़ितों को मिलेगी आर्थिक सहायता

रीवा ।

मनगवां तहसील के ग्राम नदना में 23 अगस्त को रवीन्द्र सिंह द्वारा अपने कच्चे मकान की मरम्मत कराई जा रही थी। मरम्मत के दौरान आचनक दीवाल गिरने से मरम्मत का कार्य कर रहे मजदूर गणेश कोल, रिंकू कोल और मकान मालिक रवीन्द्र सिंह दब गये। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम संजय जैन तथा थाना प्रभारी बैकुण्ठपुर ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल संजय गांधी अस्पताल रीवा में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान रवीन्द्र सिंह पिता मकरजध्वज सिंह एवं गणेश कोल पिता बैशाखू कोल की मौत हो गयी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रिंकू कोल का इलाज चल रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि दुर्घटना में मृतकों की आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें तथा परिजनों को यह आपार दुख सहने की शक्ति दे। मृतकों के परिजनों को संबल योजना के तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता एवं पांच-पांच हजार रूपये अंत्येष्टि सहायता के रूप में दिये जा रहे हैं। दुर्घटना में घायल रिंकू कोल की स्थिति में सुधार हो रहा है उन्हें भी आर्थिक सहायता मंजूर की जा रही है।

# हाइवे पर मवेशी संकट, रीवा से प्रयागराज तक जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे वाहन

**रीवा।** हाईवे पर सफर अब रफ्तार का नहीं, जोखिम का पर्याय बनता जा रहा है। रीवा से प्रयागराज और मिर्जापुर की ओर जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग इन दिनों अव्यवस्था के ऐसे दलदल में फंसे हैं, जहां हर दो किलोमीटर पर जानलेवा संकट मंडरा रहा है,आवारा मवेशियों के रूप में। हजारों की संख्या में सड़क किनारे और डिवाइडर के बीच डेरा जमाए बैठे ये जानवर न केवल यातायात में बाधा बन रहे हैं, बल्कि गंभीर सड़क हादसों की वजह भी बनते जा रहे हैं। बारिश के मौसम में हालात और बिगड़ गए हैं, जब कीचड़ और पानी से भरे मैदानों से जानवर सड़क की ओर रुख कर रहे हैं। अब हाइवे के डिवाइडर इनके अस्थायी ठिकाने बन चुके हैं। रीवा, रामनई, बेलवा पैकान, मनगवां, गंगेव, गोदरी, कटरा, कलबारी, सोहागी, चंदई, मिर्जापुर हाइवे के रघुनाथगंज, देवतालाब, मऊगंज, खटखरी और हनुमना बाईपास जैसे क्षेत्रों में यह समस्या विकराल रूप ले चुकी है। इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन हर चालक को जानवरों के झुंड के बीच से निकलना किसी जिंदा बचने की चुनौती जैसा बन गया है। विशेषकर बाइक और छोटे वाहन चालकों के लिए यह खतरा कई गुना बढ़ गया है, क्योंकि जानवर अचानक सड़क पार कर देते हैं, जिससे टक्कर की आशंका बनी रहती है।बॉक्स पिछली कोशिशें नाकाम, दो साल से स्थिति जस की तसकरीब दो साल पहले प्रशासन ने इस दिशा में पहल करते हुए मवेशियों को सड़क से हटाने का अभियान चलाया था। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मवेशी छोड़ने वालों पर कार्रवाई की गई थी और जानवरों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा गया। लेकिन यह अभियान महज चार दिनों में ही थम गया और हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौट आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक इस अभियान को स्थायी रूप से लागू नहीं किया जाएगा और निगरानी के प्रभावी इंतजाम नहीं होंगे, तब तक यह संकट टला नहीं जा सकता।बॉक्स पेट्रोलिंग वाहन सिर्फ दिखावे के लिएहाईवे निर्माण और टोल वसूली का जिम्मा संभाल रही निजी कंपनियां भी केवल राजस्व वसूली में ही सक्रिय दिख रही हैं। टोल प्लाजा पर तैनात पेट्रोलिंग वाहन केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं। इनका उद्देश्य हाईवे से अवरोध हटाना और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, लेकिन यह महज कागजों तक ही सीमित है। कर्मचारी टोल वसूली में व्यस्त रहते हैं और आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर कोई सक्रियता नहीं दिखाई देती।बॉक्स प्रतिदिन हाईवे में मवेशियों की हो रही



मौत बता दे हाईवे में गुजरने वाले तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से आए दिन मवेशियों की मौत भी हो रही है, कहां जाए तो प्रतिदिन 5 से 10 की संख्या में मवेशी हादसे का शिकार होते हैं, और उनकी मौत हो जाती है। उनका शरीर हाईवे में छत - वितर हो कर पड़ा रहता है और वाहन उसी के ऊपर से गुजरते रहते हैं। बॉक्स मौतों के आंकड़े भयावह, पर बेपरवाह हैं जिम्मेदारबता दे सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष होने वाली मौतों में 5 से 10 प्रतिशत मामले सीधे तौर पर आवारा जानवरों के कारण होते हैं। इन हादसों में जान गंवाने वालों में अधिकांश मोटरसाइकिल और कार सवार होते हैं।

एक्सीडेंट के आंकड़े हर साल दोहराए जाते हैं, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई और व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं आता। विशेषज्ञों की मानें तो यदि समय रहते इस समस्या पर कड़ा और स्थायी कदम उठाया जाए, तो न केवल दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं, बल्कि सड़कों को दोबारा सुरक्षित बनाया जा सकता है।बॉक्स क्या कहती है जनतारोज़ाना हाइवे से आना-जाना होता है, लेकिन हर बार डर बना रहता है कि कहीं अचानक कोई जानवर सामने न आ जाए। कई बार हादसे होते भी देखे हैं। सुमित दुबे, बाइक सवार, रीवाप्रशासन ने पहले अभियान चलाया था, लेकिन वह सिर्फ दिखावा था। चार दिन बाद सब पहले जैसा हो गया।

**शिव कुमार पटेल**
स्थानीय निवासी, मनगवां

## नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पुलिस ने तीन तस्करों को किया गिरफ्तार सेमरिया और मनगवां पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्रवाई

रीवा।

जिले में नशीली कफ सिरप की अवैध तस्करी पर पुलिस ने सख्त शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दर्जनों शीशियां प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त की हैं। सभी मामलों में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस ) एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। बता दे सेमरिया थाना पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर की गई कार्रवाई में एक व्यक्ति को अवैध नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान शाहपुर निवासी राजेन्द्र उर्फ बड़कू सिंह बघेल (उम्र 35 वर्ष) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी विकास कपीस के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से 28 शीशियां ऑनरेक्स कफ सिरप, एक मोबाइल फोन तथा नगद 5460 रुपये बरामद



किए गए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।बॉक्स मनगवां में दो युवकों को दबोचा, बाइक व कफ सिरप बरामदइधर, मनगवां पुलिस को भी बड़ी सफलता हाथ लगी है। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को सुअरहा फाटा क्षेत्र में दबिश देकर दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह धाकड़ ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एनएच-135 पर नशीली कफ सिरप की तस्करी करने वाले हैं। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर की गई कार्रवाई में रघुनाथगंज निवासी सुशील कुमार गुप्ता (48 वर्ष) एवं मझिगंवा निवासी रंजीत कुमार विश्वकर्मा (24 वर्ष) को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से 21 शीशियां प्रतिबंधित कफ सिरप तथा एक प्लेटिना बाइक जब्त की गई है। पूछताछ में दोनों ने नशे के कारोबार में संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण में रीवा जिला पंचायत प्रदेश में तीसरे स्थान पर

**रीवा।** सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के मामले में रीवा जिला पंचायत ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हालांकि बीते माह जिला पंचायत दूसरे स्थान पर थी, लेकिन इस बार भी कई बड़े जिलों को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष तीन में अपनी जगह बनाए रखी है। जुलाई माह में जिला पंचायत को कुल 1337 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकतर का संतोषजनक समाधान कर शिकायतों को बंद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संतुष्टि के साथ शिकायतों के निपटारे के लिए निर्धारित 60 वेटेज



अंकों में से जिला पंचायत को 54.67 अंक प्राप्त हुए। वहीं 50 दिनों से अधिक समय तक लंबित शिकायतों के मामलों में 20 में से 16.27 अंक, निम्न गुणवत्ता के साथ बंद की गई शिकायतों के मामले में 10 में से पूरे 10 अंक, और नॉट अटेंडेड शिकायतों की श्रेणी में भी जिला पंचायत को पूरे 10 अंक हासिल हुए। इस तरह कुल 100 में से 93.84 वेटेज अंक के साथ जिला पंचायत ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## पीएम आवास योजना में फर्जीवाड़ा में 151 लाभार्थियों को नोटिस जारी नगर निगम ने सात दिवस में मांगा जवाब, वर्ना होगी कड़ी कार्रवाई

**रीवा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एएचपी घटक में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। नगर निगम प्रशासन की हालिया जांच में यह खुलासा हुआ है कि जिन मकानों का आवंटन आर्थिक रूप से ईडब्ल्यूएस (कमजोर वर्ग ) के लिए किया



गया था, उनमें से कई पर अपात्र लोगों ने कब्जा जमा रखा है। इस मामले में नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए 151 संदिग्ध लाभार्थियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।।नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर की गई जांच में यह बात सामने आई कि कई ऐसे लोग, जिनकी आय प्रधानमंत्री आवास योजना की निर्धारित सीमा से अधिक है, जिनके पास पहले से पक्का मकान या लग्जरी वाहन हैं, उन्होंने योजना का लाभ उठा लिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन अपात्र लोगों को योजना के तहत आवास आवंटित करते समय नियमों को दरकिनार कर पात्र घोषित कर दिया गया। योजना के एएचपी घटक के अंतर्गत बनाए गए आवासों में सबसे अधिक फर्जीवाड़ा गोल क्वार्टर क्षेत्र में पाया गया। यहां लाभार्थी सूची में ऐसे नाम शामिल हैं जो किसी भी प्रकार से ईडब्ल्यूएस की श्रेणी में नहीं आते। प्रारंभिक सर्वे नगर निगम के सहायक यंत्री के नेतृत्व में किया गया, जिसमें इन गड़बड़ियों का खुलासा हुआ।नगर निगम ने इन सभी 151 संदिग्ध हितग्राहियों को नोटिस भेजकर सात दिवस के भीतर हाल ही में जारी आय प्रमाण-पत्र सहित जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समयसीमा में संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया, तो न केवल आवंटन निरस्त किया जाएगा, बल्कि आवास योजना के तहत मिली आर्थिक सहायता की वसूली भी की जाएगी।बॉक्स जांच से पहले मकान मालिकों को लगी भनक, दस्तावेजों के साथ बैठकर टीम को किया गुमराहबता दे नगर निगम की टीम जांच करने जैसे ही क्षेत्र में पहुंची, वहां का नज़ारा कुछ और ही था। जांच टीम के पहुंचने से पहले ही जिन मकान मालिकों ने अपने मकान किराए पर दे रखे थे, उन्हें कार्रवाई की खबर पहले ही मिल चुकी थी। हैरानी की बात यह रही कि जब टीम मौके पर पहुंची, तब मकान मालिक पहले से ही अपने घरों में मौजूद थे, और जुड़े दस्तावेजों को सामने रखकर मानो टीम का इंतजार कर रहे थे। मकान मालिकों ने दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि मकान में कोई किराएदार नहीं है, और कार्यवाही से बच गए। बॉक्सजांच के घेरे में पूर्व अधिकारीमामले की तह तक पहुंचने के लिए नगर निगम द्वारा उच्च स्तरीय जांच शुरू की गई है। इसमें उस समय के नोडल अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। बता दे अधिकारियों द्वारा जानबूझकर अपात्र लोगों को पात्र बनाकर योजना का लाभ दिलाया गया।

## विश्व बंधुत्व दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**मऊगंज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मऊगंज सेवा केंद्र द्वारा राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान अभियान 2025 का आयोजन किया गया।इस पुनीत अवसर पर रक्तदान करें, जीवन बचाएं — एक बूंद देश के नामश् जैसे प्रेरणादायक संदेशों के साथ आयोजित इस महाशिविर का उद्देश्य था समाज में मानवता, भाईचारा और सेवा की भावना को बढ़ावा देना। इस पुनीत कार्य में कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी शामिल हुए फिजिकल आर्मी एकैडमी, जनपद कार्यालय के स्टाफ, यूनियन और इंडियन





बैंक के कार्यकर्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकर्ता शामिल हुएकार्यक्रम में मुख्य अतिथि विक्रम सिंह (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक), एसडीएम राजेश मेहता, सी.ई.ओ. राम कुशल मिश्रा, नगर पालिका अधिकारी महेश पटेल, राजेश पटेल थाना प्रभारी, बी.एम.ओ. डॉ. प्रद्युम्न शुक्ला, तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूर्यमणि शुक्ला (मंच संचालन) किए सभी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। रक्तदान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह,राम रतन मिश्रा (बैंक एफ.एल.सी.), अजय कुमार (यूनियन बैंक), आदित्य कुमार समाजसेवी, अरुणा तिवारी तथा आशा पटेल जैसे सक्रिय समाजसेवियों ने भाग लेकर जनमानस को प्रेरित किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराए गएशिविर की संपूर्ण व्यवस्था ब्रह्माकुमारी संस्था की सेवा केंद्र प्रभारी बीके पूर्णिमा दीदी, बीके मानसी दीदी, बीके खुशबू दीदी एवं बीके रूपा बहन के नेतृत्व में की गई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम नागरिक, युवा, विद्यार्थी एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग रक्तदान करने पहुंचे। इस रक्तदान अभियान को जनकल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रकार के सेवाकार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन एवं आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का सशक्त माध्यम बनते जा रहे हैं।

## जनप्रतिनिधियों से होता है समाज का कल्याण-पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी

**मऊगंज।** जिले के हनुमना मे सामाजिक समरसता कमेटी के आयोजन तत्व में आचार्य कॉलोनी में किया गया जिसमे मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व जनप्रतिनिधि का सम्मान समारोह सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्र के समूचे अंचल से भारी संख्या में पूर्व सरपंच पूर्व जनपद सदस्य पूर्व जिला पंचायत सदस्यों के साथ ही समिति के पूर्व अध्यक्ष उपस्थित रहे कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलता रहा आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व जन प्रतिनिधियों को पूर्व विधायक के कर कमलो से सम्मान पत्र देते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रमणि द्विवेदी मुन्ना (झरी) पूर्व सरपंच एवं जनपद सदस्य द्वारा किया गया पूर्व विधायक ने पूर्व जन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि जन प्रतिनिधि ही वह व्यक्ति होता है जिसके सहारे व सहयोग की जरूरत आमजनों को सदैव रहा है और आगे भी रहेगा जनता को समस्याओं से निजात दिलाने में अपने पूर्व अनुभवों के आधार पर तथा वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान रखते हुए आगे सार्थक परिणाम लाने में पूरी तत्परता से जुटे रहे यही सच्चा प्रतिनिधित्व है उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का पद थोड़े समय का रहा हो अथवा दीर्घकालीन रहा हो लेकिन जनप्रतिनिधि की इच्छा शक्ति और आचरण उत्कृष्ट होता है जिसका प्रभाव आमजनों पर पड़ता है आज समूचे क्षेत्र में जिले से लेकर प्रदेश तक किसानों को खाद बीज प्राप्त नहीं हो रहा है बेरोजगारी चरम पर है घूसखोरी भ्रष्टाचार सुरसा की तरह बढ़ रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना का पानी लोगों के घरों तक नहीं पहुंच सका है महंगाई की मार से गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूट रही है



जिसे आप सभी जन प्रतिनिधि भलीभती जानते हैं तिवारी ने जोर देकर कहा कि आपकी जिम्मेदारी स्वच्छ छवि रखने तथा आम जनों के सुख दुख समझने और व्याप्त समस्याओं से छुटकारा दिलाने में होना चाहिए आज आयोजित इस आयोजन में विभिन्न अंचल के पूर्व जन प्रतिनिधि को सूचना देंने से लेकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में प्रमुख रूप से इंद्रमणि द्विवेदी मुन्ना (झरी जान्हवी शरण तिवारी पूर्व जनपद सदस्य, वीरेंद्र द्विवेदी नयागांव पूर्व सरपंच ,धर्मेंद्र सिंह गुड्डू जनपद सदस्य, शब्बीर खान पूर्व जनपद सदस्य, पुरुषोत्तम मिश्रा नोज बरहटा, मुद्रिका प्रसाद गाडा, कृष्ण कुमार तिवारी पैपकार, अनिरुद्ध द्विवेदी चहला सुरेंद्र पटेल पटेहरा, श्याम लाल यादव दादर ,श्रवण तिवारी बिरहा, शिवराज सिंह बिछरना, नीलेश कुशवाहा मनोज पहाड़ी, रामदास पटेल, दुवगवा, राम रईस कुशवाहा खजुरहन, बदरुद्दीन अजीज ,मोहम्मद दादर, विनय गुप्ता प्रतापगंज, सुखेंद्र मिश्रा राजाधौ, बृजलाल पटवा शाहपुर सुरेंद्र गिरी आरके विश्वकर्मा रमेश जायसवाल रमेश चंद्र, बाबा घूरेहटा कमलेश तिवारी हटवा संतोष तिवारी बिरहा नरेंद्र तिवारी कंप्यूटर डोल पटेहरा बृजमोहन नामदेव बहुती सहित सभी की विशेष भूमिका रही है जबकि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पूर्व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।